# मूर्ति तोड़ने के विरोध में लगाया जाम

## एनएच-44 सागर-ललितपुर मार्ग पर वाहनों की लगी लंबी कतारें, दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग

नवभारत न्यूज

**बांदरी 4 अक्टूबर. बांदरी के हाट परिसर के पास बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को तोड़े जाने के विरोध में नगर में आक्रोश फैल गया. गुस्साए लोगों ने सागर -झांसी फोरलेन व पुराने हाइवे को जाम कर दिया, इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. घंटों यातायात प्रभावित रहा, विरोध में नगर की सभी दुकानें भी शाम तक बंद रहीं.**



शनिवार को जैसे ही प्रतिमा के क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी लोगों को लगी. नगर में तनाव फैल गया, विरोध में पूरा बाजार बंद रहा. प्रतिमा स्थल के पास एकत्रित हुए लोगों ने प्रतिमा को खंडित करने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारेबाजी की. इसके बाद सागर -झांसी नेशनल हाइवे फोरलेन व पुराने हाइवे को जाम कर दिया, जिससे सागर-झांसी फोरलेन पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और एसडीओपी सचिन परते व टीआई सुमेर सिंह जगेत ने आंदोलनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत करने का प्रयास किया पर बढ़ते तनाव को देखते हुए बांदरी थाना पुलिस के साथ खुरई और आसपास के थानों से अतिरिक्त बल बुलाया गया. चक्काजाम के दौरान भीम आर्मी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कड़ी निंदा की, इसे सामाजिक सौहार्द्र के खिलाफ बताया.

भीम आर्मी, अहिरवार महासभा, अहिरवार समाज ने प्रशासन को ज्ञापन देकर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई मांग की. ज्ञापन में प्रतिमा स्थल के आसपास सीसीटीव्ही कैमरा चालू करने, नई प्रतिमा स्थापित कराने, बांउड्रीबॉल बनाने आदि की भी मांग की गई. टीआई श्री जगेत ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पुलिस के अनुसार आसपास के क्षेत्रों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है. पुलिस बल की तैनाती से स्थिति नियंत्रित रही. इस दौरान अहिरवार समाज के बंधु मौजूद रहे.

## बकाया राशि को लेकर कल से पेयजल सप्लाई नहीं होगी

**सागर.** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी वसूली की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने मकरोनिया नगरपालिका पर माह सितंबर 2025 तक जलकर राशि रू. 12 करोड़ 13 लाख 18 हजार 726 रुपए बकाया होने के कारण अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. जलप्रदाय शाखा द्वारा जारी किए गए नोटिस में लेख किया गया है कि 6 अक्टूबर तक बकाया जलकर राशि का भुगतान अनिवार्य रूप से नगर निगम को किया जावे अन्यथा की दशा में 7 अक्टूबर से जलप्रदाय बंद कर दिया जावेगा. उन्होने बताया गया कि पेयजल की सप्लाई में प्रति माह लगभग राशि रू. 1.5 करोड़ का व्यय करना पड़ रहा है. मकरोनिया नपा को 1 अप्रेल 2024 से बल्क कनेक्शन के द्वारा जलप्रदाय किया जा रहा है.

# ध्वजारोहण के साथ दो दिवसीय परिचय सम्मेलन

## संस्कार पत्रिका का विमोचन, प्रतिभाशाली विद्यार्थी गोल्लाचार्य सम्मान से सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अक्टूबर. अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा सागर द्वारा आदर्श गार्डन में जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि प्रतिभा सम्मान और परिचय सम्मेलन दोनों ही अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन हैं. ये कार्यक्रम समाज के उन दो वर्गों को मंच प्रदान करते हैं जिनमें अक्सर हिचक और संकोच का भाव होता है. हमारे बेटा-बेटियाँ जिन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया है, उनका प्रोत्साहन आवश्यक है ताकि वे भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें.




विधायक श्री जैन ने कहा कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे युवाओं को उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश में मदद करता है. इसमें किसी प्रकार का संकोच नहीं होना चाहिए, क्योंकि जीवनसाथी ऐसा होना चाहिए जो हमें, हमारे परिवार और हमारे विचारों को समझ सके. संचालन जिनेश जैन बहरोल ने किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक सुधा जैन, महासभा के अध्यक्ष डॉ. भागचंद जैन भास्कर नागपुर, निदेशक मंडल के सदस्य संतोष जैन घड़ी, ऋषभ चंदेरिया,कपिल मलैया, विजय जैन बाबाजी, संतोष बैटरी, डॉ शचींद्र मोदी, श्रेयांश जैन, मनोज बंगेला, देवेंद्र जैन लुहारी, चक्रेश शास्त्री, आलोक जैन, प्रमोद जैन, अजीत जैन, महेंद्र जैन, प्रेमचंद जैन, सुनीता जैन, अंजू सेठ, प्रीति जैन, रजनी जैन, निर्मल जैन, डॉ. महेन्द्र जैन, डॉ. अरविंद जैन, अभय जैन, सुभाष जैन, राकेश जैन चच्चाजी, सुबोध जैन, महेंद्र जैन बहरोल, श्रेणिक जैन, प्रेमचंद जैन, दिलीप जैन, अमितकांत चौधरी, रविकांत जैन, डॉक्टर आशीष जैन, अंकुर जैन महावीर, समीर जैन, अजित जैन, सुरेन्द्र खुर्देलीय, सहित बड़ी संख्या में सधर्मी बंधुओं ने सहभागिता की.

## एक नजर में



### नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र

**खुरई.** महिला एवं बाल विकास विभाग की खुरई विकासखंड की परियोजना अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर नवनियुक्त 10 सहायिकाओं व एक कार्यकर्ता के नियुक्ति पत्रों का वितरण पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा किया गया. परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा रघुवंशी ने बताया कि पोर्टल पर जारी अंतिम सूची में आपत्ति विहीन केंद्रों की 11 नियुक्तियों की सूची जारी कर दी गई है. इसमें से आज उपस्थित जमुनिया धीरज केंद्र में नवनियुक्त अंजू गौड़ सहायिका,कनेरा गौड़ अंगूरी गौड़ सहायिका, पड़रई पार्वती कुशवाह सहायिका, रूसल्ला दीक्षा कुर्मी सहायिका, बारधा 23 से शिवानी अहिरवार सहायिका,मढ़ना सुल्तान अंजलि अहिरवार सहायिका, भुगावली चांदनी चढ़ार सहायिका तथा जामुनखेड़ी वंदना दांगी सहायिका को पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह के हाथों से नियुक्ति पत्र मिले.



### खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा की

**सागर.** सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने भोपाल पहुंचकर खेल एवं युवक कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक बी.एस. यादव से सौंजन्य भेंट कर आगामी सांसद खेल महोत्सव को लेकर क्षेत्र में की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी. सांसद वानखेड़े ने बताया कि खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करना तथा ग्रामीण व शहरी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना हैसांसद वानखेड़े ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सेतु बनेगा.




### राहतगढ़ के रजवास में निकला पथ संचलन

**राहतगढ़.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड द्वारा ग्राम रजवास मंडल में शस्त्र पूजन एवं ग्राम में पथ संचलन निकाला गया. बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया .जिला सेवा प्रमुख प्रहलाद चौरसिया ने कहा कि जो प्रकृति के नियमों के साथ चलते हैं, उसी को धर्म कहते हैं, ब्रह्मांड में धर्म की स्थापना ईश्वर ने की .इस दैरान देवेंद्र सिंह रघुवंशी, जीवनलाल चौरसिया मौजूद रहे.



### संघ के शताब्दी वर्ष पर एकत्रीकरण

**शाहगढ़.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष पर युवा कार्य इकाई शाहगढ़ द्वारा महाविद्यालय विद्यार्थी एकीकरण एवं पथ संचालन का आयोजन हुआ. जिसमें सागर से विंदेश जिला कार्यवाहक, अक्षय जिला महाविद्यालइन कार्य प्रमुख सागर एवं मुख्य अतिथि सुनील जैन मौजूद रहे. जिला कार्यवाहक विदेंश ने बताया कि आगामी समय में 5 बिंदुओं पर लोगों को जागरूक करेगी जिसमें सिंगल उपयोग प्लास्टिक पूर्णता बंद करने, स्वच्छ जल और जल संरक्षण करने, नियमित व्यायाम, अपने क्षेत्र में शाखा का संचालन, लोगों को जात पात उच्च नीचे भूलकर समरसता लाने का कार्य सभी को मिलकर करना होगा. पथसंचलन का आयोजन भी शाहगढ़ नगर में विजयादशमी के उपलक्ष्य में आरएसएस द्वारा निकला गया.

# सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अक्टूबर. जैन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार यादव की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया.**

समारोह की अध्यक्षता चौधरी राजीव जैन ने की. विशिष्ट अतिथि के रुप में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण एम.कुमार, आरएसके भोपाल के संयुक्त संचालक प्राचीश जैन, सहायक संचालक डॉ आशुतोष गोस्वामी उपस्थित रहे. मंचासीन अतिथियों द्वारा श्री यादव का शॉल स्मृति चिन्ह एवं वर्णी जी का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया. सचिव डॉ केके सराफ ने श्री यादव द्वारा विद्यालय में दिए गए योगदान की सराहना की. इस अवसर पर डॉ अरुण सराफ, डॉ केवलचंद जैन, सह सचिव विमल जैन, अशोक फुसकेले, अनिरुद्ध डिम्हा, राघवेंद्र राजपूत, ऋषभ समैया, अजित समैया, शिखर कोठिया, समीर सराफ, देवकुमार जैन उपस्थित रहे. समारोह में श्री यादव के परिजन के श्रीमती स्वराज यादव, प्रशांत यादव भी शामिल हुए. कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य पवन जैन, मिडिल स्कूल प्रभारी हेमंत जैन, अनूप दुबे, वैशाली अग्रवाल, नितिन तिवारी, श्रीमती प्रतिभा जैन मौजूद रहीं. कार्यक्रम का संचालन-आभार जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रजनीश जैन ने माना.

# 500 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अक्टूबर. सुरखी विस के जैसीनगर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा क्षेत्र के लिए 500 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी गई.**

सभी समाजों द्वारा खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का फलों से तुलादान कर नागरिक अभिनंदन किया गया. क्षेत्र वासियों ने कहा कि जैसीनगर एक पिछड़ा हुआ क्षेत्र था, जिसके विकास के लिए मंत्री श्री राजपूत द्वारा लगातार प्रयास किए गए जिसका परिणाम है कि अब जैसीनगर में यह विकास कार्य दिखने लगे हैं.



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की जैसीनगर को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने की घोषणा, कन्या हाई सेकंडरी विद्यालय की स्वीकृति, 35 करोड़ की सीएम राईज स्कूल, 60 करोड़ के तोड़ा-मसुरहाई-जैसीनगर मार्ग, बेबस नदी मध्यम सिंचाई परियोजना की स्वीकृति, स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं सिविल अस्पताल की स्वीकृति, महाविद्यालय में प्रयोगशाला एवं बाउंड्री वॉल कार्य, महाविद्यालय भवन हेतु राशि स्वीकृति, शासकीय विद्यालय में कला एवं विज्ञान पाठ्यक्रम अध्ययन प्रारंभ करने की स्वीकृति जैसी 500 करोड़ की विकास कार्य योजना की घोषणाएं की गई है.

## सिरप बिक्री पर प्रतिबंध

**सागर.** छिंदवाड़ा जिले में बच्चों की मौत के संदर्भ में तमिलनाडु, चेन्नई के औषधि नियंत्रक द्वारा सूचित किया गया है कि कोल्डरिफ कफ सीरप का नमूना परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार अवमानक पाया गया है. परीक्षण में सिरप में डाइईथीलीन ग्लाइकोल नामक जहरीले रसायन की मौजूदगी पाई गई, जिससे बच्चों में गंभीर दुष्परिणाम एवं मृत्यु के मामले सामने आए हैं. औषधि निरीक्षक सोनम जैन ने बताया कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त औषधि के क्रय, विक्रय एवं वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है.

# दान देने वाले ख्याति पूजा लाभ के चक्कर में न पड़ें

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अक्टूबर. मुनिश्री विमल सागर महाराज ने विद्योदय जैन तीर्थ क्षेत्र में 720 समोशरण विधान के अंतिम दिन कहा कि प्रवचन में कहा कि ख्याति पूजा लाभ के चक्कर में व्यक्ति को नहीं पढ़ना चाहिए आपने दान दिया है, इससे पुण्य का लाभ आपको ही मिलने वाला है.**

मुनिश्री ने कहा कि आपने ख्याति के चलते दान दिया है तो अपने परिणाम बेकार कर रहे हैं, इस चक्कर में मत पढ़ो कि हमारा नाम है या नहीं यदि इस चक्कर में पढ़ते हो तो यह अज्ञानता है अज्ञानता छोड़ो और आनंद लो. मुनिश्री ने कहा इतना बड़ा विधान आचार्य श्री के मंगल आशीर्वाद से हुआ है वे ऊपर से आशीर्वाद दे रहे हैं, जिनका पुण्य था उन्हें इस विधान में बैठने का अवसर मिला है. दान के भाव हमेशा अच्छे होना चाहिए दान में ख्याति की चाह नहीं रखना चाहिए नहीं तो फल नहीं मिलता है. मुनि श्री ने कहा आचार्य भगवान श्री विद्यासागर महाराज के पास बड़ी-बड़ी सिद्धियां थी, आप सभी लोग सद्भावना के साथ नौ देवताओं की पूजा करो प्रतिदिन मंदिर जाने का नियम को आपका कल्याण हो जाएगा.

## 720 शांति धाराओं का रिकॉर्ड बनेगा आज

**सागर.** जैन धर्म के इतिहास में पहली बार 720 समोशरण पर 720 श्रीजी की प्रतिमाओं का अभिषेक, शांतिधारा मुनिश्री विमल सागर महाराज मुनिश्री अनंत सागर महाराज के सानिध्य में 5 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि विद्योदय जैन तीर्थक्षेत्र में 9 दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 1000 से अधिक इंद्र इंद्राणियों ने भाग लिया जबकि 720 सौधर्म इंद्र और शचिरानी प्रमुख पात्र बनकर बैठे थे, उन्होंने प्रतिदिन 120 अर्घ चढ़ाकर विधान में भाग लिया.

## आरटीओ की कार्रवाई

**सागर.** आरटीओ ने बम्होरी तिराहा, दमोह एवं बंडा मार्ग पर 38 यात्री वाहन एवं अन्य वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान 06 यात्री वाहनों में फस्टएड बॉक्स, रिफ्लेक्ट टेप, व्हीएलटीडी, अग्निशमन यंत्र, चालक निर्धारित गणवेश में नहीं, क्षमता से अधिक सबारी एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगी नहीं पाई गई आदि कमियां पाई गई. दो मालयान वाहनों में वाहन से संबंधित दस्तावेज मौके पर नहीं पाये गये, हैड लाईट एवं इंडीकेटर बंद पाये गये. आठ वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 27500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया.

# डीडी कॉम्पलेक्स के दुकानदारों को बकाया राशि जमा के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अक्टूबर. कटरा बाजार स्थित डीडी कांपलेक्स की आवंटित 39 दुकानों की बकाया प्रीमियम राशि दुकानदारों द्वारा जमा न करने पर दुकानों का आवंटन निरस्त कर दुकानदारों की जमा राशि राजसात करने के लिए बाजार प्रभारी द्वारा नोटिस जारी किए गए.**

सहायक आयुक्त एवं बाजार प्रभारी आनंद मंगल गुरु ने बताया कि कटरा बाजार स्थित डीडी कांपलेक्स के दुकानदारों को बकाया प्रीमियम राशि को जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं, नगर निगम को डी डी कांपलेक्स के दुकानदारों से 9 करोड 20 लाख 93 हजार रुपए लेना है,अगर दुकानदारों द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जाएगी तो डी.डी. कांपलेक्स की 39 दुकानों के आवंटन को निरस्त करते हुए उनके द्वारा जमा की गई राशि को राजसात करने की कार्रवाई की जाएगी. दुकानदारों में सुधीर जैन, सुरेन्द्र जैन, कैलाश हसानी, देवी बाई मंगवानी, राजेश साहू, सुशील जैन, शुभम सिंह चौधरी, प्रीतम आर्य, नीरज बाबूलाल जैन, रामगरीब केशरवानी, संगीता पाण्डेय, चंद्रप्रकाश शर्मा, रंजीत चौरसिया, इंद्रेश पांडेय, लक्ष्मी जैन आदि शामिल हैं.



# क्षत्रिय समाज ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बीना 4 अक्टूबर. क्षत्रिय समाज द्वारा बैठक आयोजित की गई. क्षत्रिय समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार अंबर पंथी, टीआई अनूप यादव को सौंपा गया.**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सुरखी विस क्षेत्र के जैसीनगर का नाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जैसीनगर का नाम बदलकर जय शिव नगर करने का प्रस्ताव मांगा गया, जिसको लेकर क्षत्रिय समाज द्वारा प्रदर्शन किया गया. सर्वोदय चौराहा पर नारेबाजी हुई.

पूर्व सांसद राज बहादुर सिंह ने कहा कि इतिहास के साथ छेड़छाड़ करना उचित नहीं. इस दौरान क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने भी संबोधित किया. इस दौरान राजकुमार धनौरा, श्रीराम रारौन, धर्मेंद्र निरतला, इंदर सिंह ठाकुर, रघुवीर सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह, एड. बलभद्र सिंह बुंदेला, एड. प्रहलाद सिंह, अनुराग सिंह ठाकुर, अभिनव सिंह, आकाश गोदना, लोकेंद्र सिंह, ब्रजमोहन सिंह, शिवकुमार देहरी, शिवराज सिंह, थान सिंह सिरचौपी, तिलक सिंह, इंदर सिंह, मोहर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे.

## राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर आज से

**सागर.** राज्यपाल मंगू भाई पटेल 5 एवं 6 अक्टूबर को सागर जिले के प्रवास पर रहेंगे. प्रवास के दौरान राज्यपाल जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. निर्धारित कार्यक्रम के राज्यपाल श्री पटेल 5 अक्टूबर को दमोह जिले के ग्राम चौरई से कार्यक्रम स्थल से कार द्वारा दोपहर 3.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 3.35 बजे हैलीपेड पहुचेंगे. राज्यपाल हेलीपैड से दोपहर 3.40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा ढाना हवाई पट्टी के लिए रवाना होकर शाम 4.10 बजे ढाना हवाई पट्टी पहुंचेंगे. वे ढाना हवाई पट्टी से शाम 4.15 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर सागर विश्राम गृह पहुंचेंगे. राज्यपाल 6 अक्टूबर को प्रात: 9.15 बजे कार द्वारा रहली के ग्राम कड़ता के लिए प्रस्थान कर प्रात: 9.30 बजे ग्राम कड़ता पहुंचेंगे.

# आवारा मवेशियों पर लगाम कसने बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अक्टूबर. नपा मकरोनिया सभाकक्ष में विधायक प्रदीप लारिया की अध्यक्षता में मकरोनिया की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, नपा क्षेत्र में खाली पड़े प्लाटों पर गंदगी फैलाने और क्षेत्र में विचरण करते आवारा मवेशियों पर लगाम कसने बैठक आयोजित हुई.**

बैठक में सुरक्षा और सुविधा सबके लिए पैटर्न पर व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए सख्ती से कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया. विधायक श्री लारिया ने कहा कि मकरोनिया चौराहे के बेतरतीब यातायात को सुधारने के लिए चौराहे के चारों ओर निकली सड़कों पर 200-200 मीटर तक नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है. चौराहे के आसपास किसी भी प्रकार के वाहनों को पार्किंग करना प्रतिबंधित होगा. हॉकर्स जोन में ही ठेले गुमटियां लगेंगे, सड़क किनारे लगे हाथ ठेलों, गुमटियों पर चालानी कार्यवाही होगी.



विधायक श्री लारिया ने मकरोनिया यातायात व्यवस्था में बाधक आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीर बताया. नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और बाजारों में सड़कों पर घूमते या बैठे मवेशी लोगों के लिए भय और असुरक्षा का कारण बन चुके हैं. आवारा मवेशियों की बेलगाम बढ़ती संख्या जो न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि सड़कों पर जानलेवा हादसा की वजह भी बनती जा रही है. खासतौर पर रात के समय जब प्रमुख सड़कों पर अंधेरा रहता है जिससे गंभीर हादसे इसी वजह से हो चुके है. मवेशियों के कारण ट्रैफिक जाम, पार्क किए गए वाहनों की क्षति और राहगीरों की परेशानी रोज की कहानी बन चुकी है. उन्होंने मवेशी मालिकों को हिदायत देने, कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने के निर्देश दिए. बैठक में एसडीएम अमन मिश्रा, सीएमओ पवन शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी मयंक चौहान आदि मौजूद थे.

**दशहरा मेला** — आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां, पूर्व मंत्री एवं विधायक ने किया नपा के नवीन भवन का भूमिपूजन किया

# स्वरूप बदला-स्थान बदला और आयोजक बदले, मेला की गरिमा सभी ने बढ़ाई

नवभारत न्यूज
(सुशील जैन)

**रहली 4 अक्टूबर. विराठ दशहरा मेला का 47 वाँ आयोजन मनाया गया. मेला का प्रमुख आकर्षण था लगभग पचास सुसज्जित देवी विमान, सहायक झांकी, सजीव रामदल विराट रावण आज के दौर में अखाड़ा खिलाड़ी जिन्होंने हैरत अंगेज कारनामे दिखाए.**

मैदान पर रावण दहन की आतिशबाजी की गई. मेला के बाहर मेला लगा था जिसमें लाखों का व्यापार हुआ. विराट दशहरा मेला आयोजन को लेकर राजनैतिक प्रशासनिक नेतृत्व बदलता रहा. स्वरुप बदला, स्थान बदला, आयोजक बदले, व्यवस्था बदली पर मेला की गरिमा सभी ने बढ़ायी. उत्सव समितियों सुझाव, जन सहयोग से अब तक की सफलता का सफर आगे बड़ रहा है.



नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित विराट दशहरा मेला आयोजन के 47 वर्ष पूर्ण होने तथा लगभग दो दशक से हरबार मेला का उद्घाटन करने वाले मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव शुभारंभ करने मेला स्थल पहुंचे. अखाडा स्थल पर शक्ति प्रदाता हनुमान जी का पूजन किया. इसमें नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, एसडीएम कुलदीप पाराशर आदि मौजूद रहे. लगभग पचहत्तर की उम्र में पूर्व मंत्री श्री भार्गव ने अखाड़ा मैदान में खिलाड़ियों के बीच मुदगल घुमाकर लोगों को आश्चर्य चकित किया. श्री भार्गव ने कहा कि युवा वर्ग इस क्षेत्र में रुची दिखायें आज भारतीय विधायें संसार भर में सराही और खेली जाने लगी हैं. प्रत्येक झांकी को ग्यारह सौ, प्रत्येक अखाड़ा को दो हजार खिलाडीयों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर सहयोगी प्रशासनि अधिकारियों कर्मचारियों साहसी युवाओँ और पत्रकारों को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर अतिथियों ने सम्मानित किया. आयोजक नगरपालिका, महाविद्यालय परिवार, पुलिस प्रशासन, लोकनिर्माण विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी, स्काउट, नगर रक्षा समिति, कोटवार संघ उपस्थिति रहे. जन समूह को मुस्लिम इत्हाद शिक्षा समिति द्वारा शीतल जल की व्यवस्था की गई. मेला समापन पर अंतिम दृष्य था रावण दहन जिसे बाला जी दुर्गोत्सव समिति की सहायक झांकी रामदल ने युद्ध का अभिनय करते हुए अग्नि वाण चलाकर रावण दहन किया पंद्रह मिनिट का आतिशीय दहन मुख्य आकर्षण रहा. मेला समाप्ति की घोषणा की गई और प्रतिमाएं सुनार नदी के घाट पर बने विसर्जन स्थल पहुंची. मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने तीन करोड़ की लागत से स्वीकृत नगर पालिका के नवीन भवन भूमिपूजन किया.